दुनिया का है दाता वो बाबा श्याम हमारा लिरिक्स

दुनिया का है दाता,
वो बाबा श्याम हमारा,
हारे का सहारा,
वो है हारे का सहारा।**bd।**

तर्ज – सारी दुनिया प्यारी।

दर दर ठोकर खा कर आया,
बचा ना कोई द्वारा,
पलकों की है सेज सजाई,
बहती अँसुअन धारा,
तुमको ही पुकारा मैंने,
तुमको ही पुकारा,
हारे का सहारा,
वो है हारे का सहारा।**bd।**

बीच भवर में नैया मेरी,
दीखता नहीं खिवैया,
भव से पार लगाने वाले,
आ जाओ कन्हैया,
एक तू ही है हमारा,
बस तू ही है हमारा,
हारे का सहारा,
वो है हारे का सहारा।**bd।**

मतलब की है दुनिया सारी,
कैसे करूँ गुज़ारा,
हाथ पकड़ लो आकर के अब,
दिखता नहीं किनारा,
'युवी' है तुम्हारा,
बाबा युवी है तुम्हारा,
हारे का सहारा,
वो है हारे का सहारा।**bd।**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com
दुनिया का है दाता,

वो बाबा श्याम हमारा,
हारे का सहारा,
वो है हारे का सहारा।bd।

Singer / Writer – Yuvraj Soni Yuvi

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com